www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**UGC NET Paper 2 December 26, 2010 Shift 1 Home Science Question Paper**

# PAPER-II
# HOME SCIENCE

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ___________________________
   (Name) ______________________________
2. (Signature) ___________________________
   (Name) ______________________________

OMR Sheet No. : ............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.__________________________________
(In words)

**D 1 2 1 0**

Time : 1 $^1/_4$ hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **Answer Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   उदाहरण : (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं । यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR उत्तर-पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
10. केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।
11. किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।
12. गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

# HOME SCIENCE
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt **all** the questions.

**1.** Absorption of Iron requires the following nutrients in the diet :
(A) Vitamin C (B) Zinc
(C) Iodine (D) Fat

**2.** Mental Retardation is an indicator of deficiency of
(A) Vitamin A (B) Iodine
(C) Calcium (D) Iron

**3.** Which of the following is an ω-3 (omega 3) fatty acid ?
(A) Linoleic acid
(B) α-Linolenic acid
(C) Arachadonic acid
(D) Oleic acid

**4.** Which is the major protein found in milk ?
(A) Albumin (B) Casein
(C) Myoglobin (D) Gliadin

**5.** The supplementary nutrition provided to preschooler at ICDS should provide
(A) 350 calories and 10 g protein
(B) 300 calories and 10 g protein
(C) 600 calories and 16 g protein
(D) 300 calories and 8 g protein

**6.** Following is not a direct system of yarn numbering :
(A) Cotton count
(B) Denier
(C) Metric count
(D) Tex

**7.** Series of loops that intersect horizontally in a fabric are called as
(A) Courses (B) Wales
(C) Warp (D) Weft

**8.** Preparation of the fabric for application of natural dyes is done by
(A) Alizarine
(B) Alum
(C) Myrobalum
(D) Turmeric

**9.** Job analysis is carried out by
(A) Organisation of tasks.
(B) Identification of skills required.
(C) Collection of information related to nature of job.
(D) Breaking down of job into parts and further evaluation.

**10.** Effective Management recognises the validity of
(A) Resources
(B) Decision Making
(C) Management Process
(D) Values and Standards

**11.** Bandura's social-cognitive learning asserts
(A) Cognitive thinking and problem solving.
(B) Learning behaviour, cognitive response pattern's social roles.
(C) Cognitive problem solving skills and capacities.
(D) Learning specific observable responses.

**12.** Who is the Father of Kindergarten ?
(A) Pestalozzi
(B) Rousseau
(C) Locke
(D) Froebel

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# गृह विज्ञान
## प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास** (50) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**1.** लोहे के शोषण के लिए निम्नलिखित पौष्टिक तत्त्व की आवश्यकता है :
(A) विटामिन सी
(B) ज़िंक
(C) आयोडीन
(D) वसा

**2.** मन्द बुद्धि निम्न की कमी के कारण होती है :
(A) विटामिन 'ए' (B) आयोडीन
(C) कैल्शियम (D) लोहा

**3.** निम्न में से कौन सा $\omega$-3 (ओमेगा 3) वसा अम्ल है ?
(A) लिनोलेइक अम्ल
(B) $\alpha$-लिनोलेनिक अम्ल
(C) अरकेडोनिक अम्ल
(D) ओलिक अम्ल

**4.** दूध में मुख्य प्रोटीन कौन सा है ?
(A) ऐल्ब्युमिन (B) कैसीन
(C) मायोग्लोबिन (D) ग्लाइडीन

**5.** आई सी डी एस में जाने वाले विद्यालय में प्रवेश लेने से पूर्व वाले छात्र-छात्राओं को दिए जाने वाले संपूरक पोषाहार में क्या होना चाहिए ?
(A) 350 कैलोरी तथा 10 ग्राम प्रोटीन
(B) 300 कैलोरी तथा 10 ग्राम प्रोटीन
(C) 600 कैलोरी तथा 16 ग्राम प्रोटीन
(D) 300 कैलोरी तथा 8 ग्राम प्रोटीन

**6.** निम्नलिखित में से कौन तागा का नम्बर देने की प्रत्यक्ष प्रणाली नहीं है ?
(A) कॉटन काउंट
(B) डेनियर
(C) मेट्रिक काउंट
(D) टेक्स

**7.** लूपों की उस श्रृंखला को क्या कहते हैं जो वस्त्र में क्षैतिजीय रूप में प्रतिच्छेदन करती है ?
(A) कोर्सीस (B) वेल्स
(C) ताना (D) बाना

**8.** प्राकृतिक रंजन के लिए कपड़े को तैयार करने का कार्य किसके द्वारा किया जाता है ?
(A) एलिजरीन
(B) फिटकरी
(C) माइरोबेलम
(D) हल्दी

**9.** कार्य विश्लेषण किस प्रकार से किया जाता है ?
(A) नियत कार्यों का संगठन कर
(B) अपेक्षित हुनर की पहचान कर
(C) कार्य की प्रकृति से संबंधित सूचना का संग्रह कर
(D) कार्य को अंशों में बाँटकर उनका मूल्यांकन कर

**10.** प्रभावशील प्रबंधन किसकी प्रामाणिकता को मानता है ?
(A) संसाधनों
(B) निर्णयन
(C) प्रबंधन प्रक्रिया
(D) मूल्यों तथा मानकों

**11.** बंदुरा का सामाजिक संज्ञानात्मक ज्ञानप्राप्ति में किस पर बल दिया गया है ?
(A) संज्ञानात्मक सोच तथा समस्या का समाधान ।
(B) ज्ञानप्राप्तिपरक व्यवहार, संज्ञानात्मक अनुक्रिया पैटर्न की सामाजिक भूमिका ।
(C) संज्ञानात्मक समस्या-समाधान दक्षताएँ तथा क्षमताएँ ।
(D) विशिष्ट दर्शनीय अनुक्रियाएँ ।

**12.** किंडरगार्टन का जनक कौन है ?
(A) पेस्टालोजी
(B) रूसो
(C) लॉक
(D) फ्रोबेल

Prepp
Your Personal Exams Guide

13. Current developmental extension programmes adopt
    (A) Integrated approach
    (B) Multinational approach
    (C) Area development approach
    (D) Participatory approach

14. An effective extension programme
    (A) takes care of the needs of the target group.
    (B) works as per the Government directives.
    (C) works as per the extension workers' plans.
    (D) works within limited funds.

15. Good communication happens only when
    (A) More messages are given to more people.
    (B) Right message is given in the right form and to right people.
    (C) Various media are used to give messages.
    (D) Messages are detailed and with illustrations.

16. Randomization model in research design is
    (A) selecting random sample from population.
    (B) randomly dividing the sample in two or more groups.
    (C) selecting available sample.
    (D) selecting cluster as a sample.

17. A variable that can be manipulated is
    (A) Dependent variable
    (B) Independent variable
    (C) Continuous variable
    (D) Discreet variable

18. An open-ended question elicits
    (A) Leading answers
    (B) True data
    (C) Objective results
    (D) Varied responses

19. **Assertion (A)** : High salt and low potassium intakes are a risk factor for developing hypertension.
    **Reason (R)** : Consuming plenty of fruits & vegetables are recommended for hypertension.
    (A) Both (A) & (R) are false.
    (B) Both (A) and (R) are true.
    (C) (A) is true and (R) is partially correct.
    (D) (A) is false and (R) is correct.

20. **Assertion (A)** : Egg yolk is used for making mayonnaise.
    **Reason (R)** : Egg yolk serves as an emulsifying agent in preparation of mayonnaise.
    (A) (A) is false & (R) is true.
    (B) Both (A) & (R) are false.
    (C) (A) is true & (R) is false.
    (D) Both (A) and (R) are true.

21. **Assertion (A)** : Both vitamin A and fat are required for vision in the dark.
    **Reason (R)** : Fat helps in absorption of vitamin A in the gut.
    (A) (A) is false & (R) is true.
    (B) Both (A) & (R) are true.
    (C) (R) is true & (A) is false.
    (D) Both (A) and (R) are false.

22. **Assertion (A)** : Rayon garments undergo progressive shrinkage.
    **Reason (R)** : Hence care has to be taken while drying and ironing.
    (A) Both (A) & (R) are true.
    (B) (A) is true, but (R) is false.
    (C) (A) is false, but (R) is correct.
    (D) (A) & (R) are false.

23. **Assertion (A)** : Gores are vertical divisions within a garment.
    **Reason (R)** : They incorporate the dart shape in seams.
    (A) Both (A) & (R) are false.
    (B) Both (A) & (R) are correct.
    (C) (A) is false, but (R) is true.
    (D) (A) is true, but (R) is false.

Prepp
Your Personal Exams Guide

**13.** समसामयिक विकासपरक विस्तार कार्य में किस उपागम को अपनाया जाता है ?
(A) एकीकृत उपागम
(B) बहुदेशीय उपागम
(C) क्षेत्र विकास उपागम
(D) सहभागी उपागम

**14.** एक प्रभावशील विस्तार कार्यक्रम
(A) लक्षित समूह की आवश्यकताओं का ध्यान रखता है ।
(B) सरकार के निर्देशों के अंतर्गत कार्य करता है ।
(C) विस्तार-कार्यकर्ताओं की योजना के अनुरूप कार्य करता है ।
(D) सीमित निधि के अंतर्गत कार्य करता है ।

**15.** उत्तम संचार केवल तभी घटित होता है, जब
(A) अधिक व्यक्तियों को अधिक संदेश दिये जाते हैं ।
(B) सही व्यक्तियों को सही समय पर सही संदेश दिये जाते हैं ।
(C) संदेश के संप्रेषण के लिए विभिन्न संचार माध्यमों का उपयोग किया जाता है ।
(D) संदेश विस्तृत तथा सोदाहरण हों ।

**16.** शोध अभिकल्प में यादृच्छिकरण मॉडल है
(A) जनसंख्या में से यादृच्छिक प्रतिदर्श चुनना ।
(B) प्रतिदर्श को दो या अधिक वर्गों में यादृच्छिक रूप से विभाजित करना ।
(C) उपलब्ध प्रतिदर्श का चयन करना ।
(D) प्रतिदर्श के रूप में क्लस्टर का चयन ।

**17.** वेरिएबल जिसमें फेर-बदल किया जा सकता हो
(A) आश्रित वेरिएबल
(B) स्वतंत्र वेरिएबल
(C) सतत् वेरिएबल
(D) विविक्त वेरिएबल

**18.** एक मुक्तोत्तर प्रश्न से प्राप्त होता है
(A) प्रधान उत्तर
(B) सही आँकड़े
(C) निष्पक्ष परिणाम
(D) विविध उत्तर

**19.** **अभिकथन** (A) : अधिक नमक तथा कम पोटैशियम के सेवन से उच्च रक्तचाप होने का खतरा होता है ।
**कारण** (R) : उच्च रक्तचाप में प्रचुर मात्रा में फलों तथा सब्जियों की सलाह दी जाती है ।
(A) (A) तथा (R) दोनों गलत हैं ।
(B) (A) तथा (R) दोनों सही हैं ।
(C) (A) सही है तथा (R) आंशिक रूप में सही ।
(D) (A) गलत है तथा (R) सही है ।

**20.** **अभिकथन** (A) : अण्डे की जरदी मेयोनेज बनाने के काम आती है ।
**कारण** (R) : मेयोनेज तैयार करने में अण्डे की जरदी एक इमल्सीकारक कर्त्ता का काम करती है ।
(A) (A) गलत है तथा (R) सही है ।
(B) (A) तथा (R) दोनों गलत हैं ।
(C) (A) सही है तथा (R) गलत है ।
(D) (A) तथा (R) दोनों सही हैं ।

**21.** **अभिकथन** (A) : अंधकार में दृष्टि-सामर्थ्य के लिए विटामिन A तथा वसा दोनों की आवश्यकता है ।
**कारण** (R) : आँत में विटामिन A के अवचूषण में वसा सहायक होती है ।
(A) (A) गलत है तथा (R) सही है ।
(B) (A) तथा (R) दोनों सही हैं ।
(C) (R) सही है तथा (A) गलत है ।
(D) (A) तथा (R) दोनों गलत हैं ।

**22.** **अभिकथन** (A) : रेयॉन के पोशाक में क्रमिक रूप से सिकुड़न होती रहती हैं ।
**कारण** (R) : अत: इन पोशाकों को सुखाने तथा इस्तरी करने में सावधानी बरतनी चाहिए ।
(A) (A) तथा (R) दोनों सही हैं ।
(B) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(C) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।
(D) (A) तथा (R) दोनों गलत हैं ।

**23.** **अभिकथन** (A) : गोर एक पोशाक के अंतर्गत ऊर्ध्वाधर विभाजन है ।
**कारण** (R) : ये सीवनों में डार्ट आकृति प्रदान करते हैं ।
(A) (A) तथा (R) दोनों गलत हैं ।
(B) (A) तथा (R) दोनों सही हैं ।
(C) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।
(D) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

www.prepp.in
Prepp Your Personal Exams Guide

24. **Assertion (A)** : An experienced homemaker works with great care and there is an element of natural rhythm in her normal domestic activities.

**Reason (R)** : In rhythmic work each muscle alternatively gets its chance to rest for an instant.

(A) (A) is true, but (R) is false.
(B) (A) is false, but (R) is true.
(C) Both (A) and (R) are false.
(D) Both (A) and (R) are true.

25. **Assertion (A)** : Adolescent development takes place in social context.

**Reason (R)** : This is because adolescent spends and interested in spending more time in social circle.

(A) (A) is true and (R) is false.
(B) (A) is false and (R) is true.
(C) Both (A) and (R) are true.
(D) Both (A) and (R) are false.

26. **Assertion (A)** : Effective communication is a combination of seeing, learning and doing.

**Reason (R)** : Exclusive use of AV aids makes, learning experiences complete.

(A) (A) is true, but (R) is false.
(B) (A) is false, but (R) is true.
(C) Both (A) and (R) are true.
(D) Both (A) and (R) are false.

27. **Assertion (A)** : Posters used as audio visual aids compel attention and motivate action.

**Reason (R)** : Posters help in communicating as they present abstract information in a graphic way.

(A) Both (A) and (R) are false.
(B) (A) is true, but (R) is false.
(C) (A) is false, but (R) is true.
(D) Both (A) and (R) are true.

28. Give the correct sequence of steps involved in sugar cookery.
(a) Soft ball
(b) Hard crack
(c) Carmel
(d) 2 thread
(e) Hard ball
(A) (a) (b) (c) (d) (e)
(B) (b) (c) (d) (a) (e)
(C) (d) (a) (e) (b) (c)
(D) (c) (d) (a) (e) (b)

29. Give the correct sequence of foods in decreasing order of iron content.
(a) Liver
(b) Apple
(c) Dates
(d) Wheat flour
(e) Lotus stem
(A) (a) (c) (e) (d) (b)
(B) (a) (e) (d) (c) (a)
(C) (a) (b) (c) (d) (e)
(D) (b) (a) (e) (d) (c)

30. Give the correct sequence of appearance of symptoms of vitamin A deficiency.
(a) Bitot spots
(b) Conjunctival xerosis
(c) Night blindness
(d) Keratomalacia
(A) (c) (a) (b) (d)
(B) (a) (c) (d) (b)
(C) (b) (a) (c) (d)
(D) (d) (c) (b) (a)

31. Give the correct order of applying the four support materials in the garment.
(A) Interfacing, interlining, underlining, lining
(B) Interlining, interfacing, underlining, lining
(C) Interfacing, underlining, interlining, lining
(D) Underlining, interfacing, interlining, lining

24. अभिकथन (A) : एक गृहिणी अत्यंत सावधानीपूर्वक कार्य करती है तथा उसके सामान्य घरेलू क्रियाकलापों में एक प्राकृतिक लयबद्धता होती है ।

कारण (R) : लयबद्ध कार्य में प्रत्येक मांसपेशी को बारी-बारी से तात्कालिक विश्राम का अवसर मिल जाता है ।

(A) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(B) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।
(C) (A) तथा (R) दोनों गलत हैं ।
(D) (A) तथा (R) दोनों सही हैं ।

25. अभिकथन (A) : किशोरकाल का विकास सामाजिक संदर्भ में होता है ।

कारण (R) : ऐसा इसलिए है कि किशोर सामाजिक परिवेश में अधिक समय व्यतीत करते हैं तथा करना चाहते हैं ।

(A) (A) सही है और (R) गलत है ।
(B) (A) गलत है और (R) सही है ।
(C) दोनों (A) और (R) सही हैं ।
(D) दोनों (A) और (R) गलत हैं ।

26. अभिकथन (A) : प्रभावशील संचार देखने, सीखने तथा करने का संयोजन है ।

कारण (R) : दृश्य-श्रव्य सामग्रियों का एकमात्र उपयोग ज्ञानप्राप्ति के अनुभवों को संपूर्ण बनाता है ।

(A) (A) सही है, (R) गलत है ।
(B) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।
(C) (A) तथा (R) दोनों सही हैं ।
(D) (A) तथा (R) दोनों गलत हैं ।

27. अभिकथन (A) : दृश्य-श्रव्य सामग्री के रूप में प्रयुक्त पोस्टर अनिवार्यत: ध्यानाकर्षण करते हैं तथा क्रिया को उत्प्रेरित करते हैं ।

कारण (R) : पोस्टर संचार संप्रेषण में सहायता करते हैं, क्योंकि वे भावात्मक सूचना का प्रस्तुतिकरण ग्राफीय रूप में करते हैं ।

(A) (A) तथा (R) दोनों गलत हैं ।
(B) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(C) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।
(D) (A) तथा (R) दोनों सही हैं ।

28. शर्करा पाककला में निहित चरणों का सही अनुक्रम बतलाइए :

(a) सॉफ्ट बॉल
(b) हार्ड क्रैक
(c) कार्मेल
(d) 2 थ्रेड
(e) हार्ड बॉल

(A) (a) (b) (c) (d) (e)
(B) (b) (c) (d) (a) (e)
(C) (d) (a) (e) (b) (c)
(D) (c) (d) (a) (e) (b)

29. लौह तत्त्व के घटते हुए क्रम में निम्नलिखित आहार सामग्रियों का सही अनुक्रम बतलाइये :

(a) कलेजी
(b) सेव
(c) खजूर
(d) गेहूँ का आटा
(e) कमल डण्डी

(A) (a) (c) (e) (d) (b)
(B) (a) (e) (d) (c) (a)
(C) (a) (b) (c) (d) (e)
(D) (b) (a) (e) (d) (c)

30. विटामिन ए की कमी के लक्षणों के प्रकटन का सही अनुक्रम क्या है ?

(a) बिटोट चित्ति
(b) नेत्रश्लेष्मलापरक जिरोसिस
(c) रात्रि-अन्धता
(d) स्वच्छपटलमृदुता

(A) (c) (a) (b) (d)
(B) (a) (c) (d) (b)
(C) (b) (a) (c) (d)
(D) (d) (c) (b) (a)

31. पोशाकों में चार आधार सामग्रियों के अनुप्रयोग का सही क्रम बतलाइए :

(A) इंटरफेसिंग, इंटरलाइनिंग, अंडरलाइनिंग, लाइनिंग ।
(B) इंटरलाइनिंग, इंटरफेसिंग, अंडरलाइनिंग, लाइनिंग ।
(C) इंटरफेसिंग, अंडरलाइनिंग, इंटरलाइनिंग, लाइनिंग ।
(D) अंडरलाइनिंग, इंटरफेसिंग, इंटरलाइनिंग, लाइनिंग ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**32.** Give the correct sequencing for processing a cotton fabric.

(A) Designing, bleaching, tentering, calendering
(B) Tentering, bleaching, designing, calendering
(C) Calendering, bleaching, designing, tentering
(D) Bleaching, designing, tentering, calendering

**33.** Arrange the following teaching learning methods in order of learner's ability :

(i) A video show
(ii) Laboratory method
(iii) Demonstration
(iv) Radio talk

**Codes :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (B) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |

**34.** Arrange the steps of counselling process in right sequence.

1. Synthesis
2. Diagnosis
3. Analysis
4. Treatment and counselling
5. Follow up
6. Prognosis

(A) 1, 3, 4, 6, 2 and 5
(B) 3, 2, 6, 4, 5 and 1
(C) 4, 1, 2, 3, 5 and 6
(D) 3, 1, 2, 6, 4 and 5

**35.** Decision making is a process involving following steps in sequence :

(i) Evaluate the alternatives
(ii) Identify the alternatives
(iii) Identify the problem
(iv) Make a decision
(v) Evaluate the decision

**Codes :**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (v) | (ii) | (i) |
| (B) | (iii) | (i) | (ii) | (v) | (iv) |
| (C) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) | (v) |
| (D) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) | (v) |

**36.** Steps of curriculum planning are given below. Write them in correct order :

(i) Environment for learning.
(ii) Problems/needs of the learner.
(iii) Sequencing of contents.
(iv) Philosophical frame

**Codes :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (D) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

**37.** Arrange the following steps in research in the correct sequence :

(a) Sample Selection
(b) Research Question
(c) Data Collection
(d) Research Design
(e) Objectives

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (A) | (b) | (a) | (d) | (e) | (c) |
| (B) | (a) | (b) | (c) | (d) | (e) |
| (C) | (a) | (b) | (e) | (d) | (c) |
| (D) | (b) | (e) | (a) | (d) | (c) |

**38.** Match the cooking method in List – I with the temperature in List – II :

| **List – I (Cooking method)** | **List – II (Temperature)** |
|---|---|
| (a) Pressure cooking | (i) 180° – 220 °C |
| (b) Frying | (ii) 250 °C |
| (c) Baking | (iii) > 100 °C |
| (d) Grilling | (iv) 110° – 240 °C |

**Code :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (B) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (D) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

**39.** Match the colour of fruit and vegetable in List – I with the pigment in List – II :

| **List – I (Colour of fruits and vegetables)** | **List – II (Pigment)** |
|---|---|
| (a) Green | (i) Carotenoids |
| (b) Deep yellow | (ii) Chlorophyll |
| (c) White | (iii) Anthocyanin |
| (d) Purple | (iv) Flavones |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (B) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (C) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (D) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

Prepp
Your Personal Exams Guide

**32.** सूती कपड़े को तैयार करने का सही अनुक्रम बताइए :

(A) डिसाइज़िंग, ब्लीचिंग, टेंटरिंग, कैलेंडरिंग
(B) टेंटरिंग, ब्लीचिंग, डिसाइज़िंग, कैलेंडरिंग
(C) कैलेंडरिंग, ब्लीचिंग, डिसाइज़िंग, टेंटरिंग
(D) ब्लीचिंग, डिसाइज़िंग, टेंटरिंग, कैलेंडरिंग

**33.** निम्नलिखित शिक्षण तथा सीखने की विधियों को सीखने वालों की योग्यता के क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(i) वीडियो शो (ii) प्रयोगशाला विधि
(iii) डेमॉन्स्ट्रेशन (iv) रेडियो वार्ता

**कोड :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (B) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |

**34.** परामर्शन की प्रक्रिया में निहित निम्नलिखित चरणों को सही अनुक्रम में व्यवस्थित कीजिए :

1. संश्लेषण
2. निदान
3. विश्लेषण
4. उपचार तथा परामर्शन
5. अनुवर्तन (फॉलो-अप)
6. पूर्वानुमान

(A) 1, 3, 4, 6, 2 तथा 5
(B) 3, 2, 6, 4, 5 तथा 1
(C) 4, 1, 2, 3, 5 तथा 6
(D) 3, 1, 2, 6, 4 तथा 5

**35.** निर्णय लेना एक प्रक्रिया है जिसमें निहित चरणों का सही अनुक्रम निम्नलिखित में से एक है :

(i) विकल्पों का मूल्यांकन कीजिए ।
(ii) विकल्पों की पहचान कीजिए ।
(iii) समस्या की पहचान कीजिए ।
(iv) निर्णय लीजिए ।
(v) निर्णय का मूल्यांकन कीजिए ।

**कोड :**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (v) | (ii) | (i) |
| (B) | (iii) | (i) | (ii) | (v) | (iv) |
| (C) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) | (v) |
| (D) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) | (v) |

**36.** पाठ्यक्रम नियोजन के चरण नीचे दिये गये हैं । इन्हें सही क्रम में लिखिए :

(i) सीखने के लिए वातावरण
(ii) सीखने वालों की समस्याएँ / आवश्यकताएँ
(iii) विषय-वस्तु का अनुक्रमण
(iv) दार्शनिक ढाँचा

**कोड :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (D) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

**37.** शोध के निम्नलिखित चरणों को सही अनुक्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(a) प्रतिदर्श चयन (b) शोध प्रश्न
(c) आँकड़ा संग्रह (d) शोध अभिकल्प
(e) उद्देश्य

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (A) | (b) | (a) | (d) | (e) | (c) |
| (B) | (a) | (b) | (c) | (d) | (e) |
| (C) | (a) | (b) | (e) | (d) | (c) |
| (D) | (b) | (e) | (a) | (d) | (c) |

**38.** सूची – I में दी गयी पाक विधि को सूची – II में दिये गए तापमान से सुमेलित कीजिए :

| सूची – I (पाक विधि) | सूची – II (तापमान) |
|---|---|
| (a) प्रेशर कुकिंग | (i) 180 – 220 °सेंटीग्रेड |
| (b) तल कर पकाना | (ii) 250 °सेंटीग्रेड |
| (c) सेंक कर पकाना | (iii) > 100 °सेंटीग्रेड |
| (d) ग्रिल में पकाना | (iv) 110 – 240 °सेंटीग्रेड |

**कोड :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (B) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (D) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

**39.** सूची – I में दिये गये फलों तथा सब्जियों के रंग को सूची – II में दिये गये वर्णकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| सूची – I (फलों तथा सब्जियों के रंग) | सूची – II (वर्णक) |
|---|---|
| (a) हरा | (i) केरोटीन्वॉयड्स |
| (b) गहरा पीला | (ii) क्लोरोफिल |
| (c) सफेद | (iii) एंथोसाइनिन |
| (d) जामुनी | (iv) फ्लेवोंस |

**कोड :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (B) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (C) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (D) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

**40.** Match the diseases given in List – I with affected organ in List – II :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Neprosis | (i) Pancrease |
| (b) Diabetes | (ii) Kidney |
| (c) Arteriosclerosis | (iii) Intestine |
| (d) Celiac disease | (iv) Blood vessel |
| | (v) Heart |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (v) | (ii) | (iv) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (ii) | (i) | (v) | (iii) |
| (D) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

**41.** Match the fibre given in column I to the appearance given in column II :

| Column – I | Column – II |
|---|---|
| (a) Wool | (i) Glass rod structure |
| (b) Linen | (ii) Scales |
| (c) Silk | (iii) Convolutions |
| (d) Cotton | (iv) Nodes |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**42.** Match the description given in column II with the terms given in column I :

| Column – I | Column – II |
|---|---|
| (a) Avant Garde | (i) high fashion |
| (b) Houte couture | (ii) copied garment |
| (c) Knock off | (iii) ready to wear |
| (d) Pret-a-Porter | (iv) design ahead of its time |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

**43.** Match the following list of standardization marks from List – I with products in List – II :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Agmark | (i) Squash |
| (b) FPO | (ii) Shawl |
| (c) ISI | (iii) Honey |
| (d) Wool mark | (iv) Biscuits |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (B) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

**44.** Match the following List – I with List – II :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Cross-sectional study | (i) observes children in naturally occurring situations. |
| (b) Longitudinal study | (ii) observes same group(s) of children at different points of time. |
| (c) Naturalistic study | (iii) observes children where circumstances are carefully controlled. |
| (d) Experimental study | (iv) observes children of different ages at one point of time. |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (D) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

**40.** सूची – I में दिये गये रोग को सूची – II में दिये गए ग्रसित होने वाले अंगों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | सूची – I | | सूची – II |
|---|---|---|---|
| (a) | नेफ्रोसिस | (i) | अग्न्याशय |
| (b) | डायबिटीज़ | (ii) | गुर्दा |
| (c) | आर्टिरियोस्क्लेरोसिस | (iii) | आँत |
| (d) | सेलिएक रोग | (iv) | रक्तवाहिका |
| | | (v) | हृदय |

**कोड :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (v) | (ii) | (iv) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (ii) | (i) | (v) | (iii) |
| (D) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

**41.** स्तम्भ I में दिए गए रेशे का मिलान स्तम्भ II में दिये गये उनकी प्रतीति के साथ कीजिए :

| | स्तम्भ – I | | स्तम्भ – II |
|---|---|---|---|
| (a) | ऊन | (i) | शीशे की छड़ जैसी संरचना |
| (b) | लिनेन | (ii) | शल्की संरचना |
| (c) | सिल्क | (iii) | संवलित संरचना |
| (d) | कॉटन | (iv) | नोड संरचना |

**कोड :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**42.** स्तम्भ II में दिए गए विवरण का मिलान स्तम्भ I में दिये गये पदों के साथ कीजिए :

| | स्तम्भ – I | | स्तम्भ – II |
|---|---|---|---|
| (a) | अवांत गार्डे | (i) | हाई फैशन |
| (b) | ऊट कटूर | (ii) | कॉपीड गार्मेंट |
| (c) | नॉक-ऑफ | (iii) | रेडी टू वियर |
| (d) | प्रेट-अ-पोर्टर | (iv) | डिजाइन एहेड ऑफ इट्स टाइम |

**कोड :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

**43.** सूची – I में दिये गये मानकीकरण चिह्नों को सूची – II में दिये गये उत्पादों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | सूची – I | | सूची – II |
|---|---|---|---|
| (a) | एगमार्क | (i) | स्क्वाश |
| (b) | एफ पी ओ | (ii) | शॉल |
| (c) | आई एस आई | (iii) | शहद |
| (d) | वुलमार्क | (iv) | बिस्किट |

**कोड :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (B) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

**44.** निम्नलिखित सूची – I के पदों को सूची – II से सुमेलित कीजिए :

| | सूची – I | | सूची – II |
|---|---|---|---|
| (a) | प्रतिनिध्यात्मक अध्ययन | (i) | प्राकृतिक रूप से घटित होने वाली स्थितियों में बच्चों का प्रेक्षण करता है । |
| (b) | अनुदैर्ध्य अध्ययन | (ii) | विभिन्न समय में विभिन्न बाल समूहों का प्रेक्षण करता है । |
| (c) | प्रकृतिवादी अध्ययन | (iii) | बच्चों का प्रेक्षण वहाँ करता है जहाँ परिस्थितियाँ नियंत्रित की गई हों । |
| (d) | प्रयोगवादी अध्ययन | (iv) | एक समय पर विभिन्न वय के बच्चों का प्रेक्षण करता है । |

**कोड :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (D) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

**45.** Match the items in List – I with List – II :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) $\overline{X}$ | (i) Sum of |
| (b) $\chi^2$ | (ii) Standard deviation |
| (c) $\sigma$ | (iii) Chi square |
| (d) $\Sigma$ | (iv) Mean |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (C) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**46.** Match the following item in List – I with List – II :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Acting skits | (i) Books and reading material |
| (b) Discussion | (ii) Experience and activities through examination |
| (c) Evaluation | (iii) Individual activity |
| (d) Resources | (iv) Group activity |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (B) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (C) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

**47.** Match the following item in List – I with List – II :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Readymade and Homemade | (i) Role of a host |
| (b) Direct experience | (ii) Diagrams |
| (c) Dramatized experience | (iii) Exhibits |
| (d) Visual symbols | (iv) Preparing a meal |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (B) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (C) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

Read the passage below and answer the questions that follow based on your understanding of the passage : (Q. No. **48** to **50**)

More than 1 billion people in the world today, almost half of them women, live in unacceptable conditions of poverty, mostly in the developing countries. Poverty is a complex, multidimensional problem, with origins in both the national and international domains. In the early 1950s, nearly half of India's population was living in poverty. Since then, poverty has been declining, though slowly, and today vast disparities between and within India's states persist. It is estimated that women and children account for 73 percent of those below the poverty line. At the same time, the ratio of females to males in India is 933 : 1,000. Increased female labour force participation, particularly among the lowest-income households, is the single most important coping strategy of poor households. This trend makes female-headed households and poor women in general a distinct poverty group (Barrett and Beardmore, 2000).

Gender is central to how societies assign roles, responsibilities, resources, and rights between women and men. Allocation, distribution, utilization, and control of resources are thus incumbent upon gender relations embedded in both ideology and practice. Gender analyses do not merely focus on women, but also look at the ways

**45.** सूची I की मदों का सूची II से मिलान कीजिए :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| (a) $\overline{X}$ | (i) का योगफल |
| (b) $\chi^2$ | (ii) मानक विचलन |
| (c) σ | (iii) काई स्क्वेयर |
| (d) Σ | (iv) माध्य |

**कोड :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (C) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**46.** सूची – I का सूची – II से मिलान कीजिए :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| (a) लघु रूपक अभिनय | (i) किताबें एवम् पठन सामग्री |
| (b) विचारविमर्श | (ii) अनुभव एवम् सक्रीयता परीक्षा के द्वारा |
| (c) मूल्यांकन | (iii) व्यक्तिगत गतिविधि |
| (d) साधन संपत्ति | (iv) सामूहिक गतिविधि |

**कोड :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (B) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (C) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

**47.** सूची – I तथा सूची – II में दी गई मदों को सुमेलित कीजिए :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| (a) बना-बनाया तथा घर में बना | (i) मेजबान की भूमिका |
| (b) प्रत्यक्ष अनुभव | (ii) आरेख |
| (c) नाटकीकृत अनुभव | (iii) प्रदर्शित सामग्री |
| (d) दृश्य प्रतीक | (iv) भोजन बनाना |

**कोड :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (B) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (C) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

नीचे दिया गया परिच्छेद पढ़िये और अपनी समझ के अनुसार नीचे दिये प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (प्रश्न संख्या 48 से 50)

आज दुनिया में एक अरब से अधिक व्यक्ति, जिनमें आधी आबादी महिलाओं की है, गरीबी की अस्वीकार्य स्थिति में रह रहे हैं, जिनमें से अधिकतर विकासशील देशों में रहते हैं । गरीबी एक जटिल, बहुआयामी समस्या है तथा यह राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय दोनों अधिकार क्षेत्रों में है । 1950 के दशक के प्रारंभिक काल में भारत की लगभग आधी आबादी गरीब थी । उस समय से गरीबी में गिरावट आई है, यद्यपि इसकी गति धीमी है तथा विभिन्न राज्यों के बीच तथा राज्य के अंदर व्यापक विषमताएँ हैं । यह अनुमान लगाया जाता है कि गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगों में 73 % महिलाएँ तथा बच्चे हैं । साथ ही साथ, भारत में महिलाओं तथा पुरुषों का अनुपात 933 : 1000 है । श्रम-बल में महिलाओं, विशेषत: निम्नतम आय वाले परिवारों की महिलाओं, का बढ़ती हुई संख्या में शामिल होना गरीबी से ग्रसित परिवारों की, इस समस्या से जूझने की, एकमात्र महत्त्वपूर्ण रणनीति है । यह प्रवृत्ति महिलाओं को परिवार का मुखिया बनाती है तथा गरीब महिलाओं को एक पृथक् गरीब-समूह के रूप में स्थापित करती है (बैरेट एण्ड बियर्डमोर, 2000) ।

महिलाओं तथा पुरुषों के बीच भूमिकाओं, दायित्व, संसाधन तथा अधिकार का समाज किस प्रकार निर्धारण करता है इसमें लिंग ही केंद्रीय है । संसाधनों का आबंटन, वितरण, प्रयोज्यता तथा नियंत्रण, ये सब लिंग संबंधों पर आश्रित हैं, जो विचारधारा तथा व्यवहार दोनों में अंत:स्थापित है । लिंग विश्लेषण न केवल महिलाओं पर केंद्रित होते हैं अपितु उन तरीकों पर भी विचार करते हैं जिनमें पुरुष तथा महिलाएँ एक दूसरे से तथा उनकी

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

in which men and women interact with each other and the gendered nature of their roles, relations and control over resources. Unfortunately, even today in most parts of the world there exist gender biases that disadvantage women. Therefore, it is sometimes inevitable that gender justice become synonymous with the rights of women and any discussion on gender and poverty in essence becomes a discussion on women and poverty. This is because, as with all other issues, women and men experience poverty in different ways.

The wide range of biases in society – among them unequal opportunities in education, employment and asset ownership – mean that women have fewer opportunities. Poverty accentuates gender gaps and when adversity strikes, it is women who often are most vulnerable (UNDP, 1997 : 64). This increased vulnerability is most visible in cases of disaster, conflict or involuntary resettlement. Starting with discrimination against the girl-child, even before she is born, the life of the average Indian woman is one of deprivation in every sphere. The overall status of women in an Indian family is lower than that of men. The girl-child gets less nutrition, health care and education : a lesser childhood than the boy-child. She becomes a woman while still young, often missing out on adolescence and moving into early motherhood – quickly, and often at a young age. She has no say in any of these crucial events of her life, although they adversely affect her growth and development. The root of gender inequality, reflected in the higher incidence of poverty among women in India, is social and economic, not constitutional. The Constitution is firmly grounded in principles of liberty, fraternity, equality and justice. Women's rights to equality and freedom from discrimination are defined as justifiable fundamental rights.

**48.** The growth and development of girl child is not adversely affected by

(A) Malnutrition

(B) Early motherhood

(C) Caste

(D) Healthcare

**49.** Give the correct combination of causes of gender inequality in India.

(a) Social

(b) Economic

(c) Malnutrition

(d) Constitutional

(A) (a) & (b) are correct.

(B) (a), (b) & (d) are correct.

(C) (c) & (d) are correct.

(D) All the above are correct.

**50.** **Assertion (A)** : Gender bias exists in India.

**Reason (R)** : Poverty is one of the factors for gender biases.

(A) (A) is true & (R) is false.

(B) (A) is false and (R) is true.

(C) (A) is true and (R) is partially true.

(D) Both (A) & (R) are false.

लिंग आधारित भूमिकाओं, संबंधों तथा संसाधनों पर नियंत्रण की प्रकृति से, अंत:क्रिया करते हैं । दुर्भाग्यवश आज भी दुनिया के अधिकतर भागों में लिंगपरक पक्षपात विद्यमान हैं जो महिलाओं को अलाभकारी स्थिति में रखते हैं । अत: कभी-कभी यह अपरिहार्य हो जाता है कि लैंगिक न्याय महिलाओं के अधिकारों का पर्याय बन जाता है तथा लिंग और गरीबी पर कोई भी परिचर्चा मूल रूप से 'महिलाएँ और गरीबी' पर परिचर्चा बन जाती है । ऐसा इसलिए है कि महिलाओं तथा पुरुषों द्वारा गरीबी का अनुभव भिन्न-भिन्न प्रकार का होता है । समाज में व्याप्त पक्षपातों की व्यापक श्रृंखला – जिनमें शिक्षा, रोजगार तथा परिसम्पत्तियों के स्वामित्व के असमान अवसर शामिल हैं - यह व्यंजित करती है कि महिलाओं को कमतर अवसर उपलब्ध हैं । गरीबी, लिंग-अंतराल को बढ़ाती है तथा जब प्रतिकूल परिस्थिति उपस्थित होती है तब महिलाएँ ही अधिक असुरक्षित होती हैं (यू एन डी पी, 1997 : 64) । यह वर्धमान असुरक्षा घोर विपत्ति, संघर्ष तथा अनैच्छिक पुनर्वास में लक्षित होती है । बालिकाओं के प्रति भेदभाव उनके जन्म लेने से पहले से ही शुरू हो जाता है तथा एक औसत भारतीय नारी का जीवन प्रत्येक क्षेत्र में अभाव का कष्ट झेलता है । एक भारतीय परिवार में महिलाओं की समग्र सामाजिक स्थिति पुरुषों से नीचे होती है । बालिकाओं को कम पोषणाहार, कम स्वास्थ्यपरक देख-भाल तथा कम शिक्षा मिलती है; एक बालक की तुलना में उसे कमतर बचपन मिलता है । वह छोटी सी उम्र में ही महिला बन जाती है, उसकी किशोरावस्था गुम हो जाती है तथा वह तेजी से और बहुधा कम उम्र में माँ बन जाती है । अपने जीवन की इन निर्णायक घटनाओं में उसका कोई दखल नहीं होता, यद्यपि वे उसकी वृद्धि और विकास पर विपरीत प्रभाव डालती हैं । लिंगपरक असमानता की जड़, जो भारत में महिलाओं के बीच व्याप्त गरीबी के उच्च स्तर में प्रतिबिंबित होती है, सामाजिक तथा आर्थिक है, संवैधानिक नहीं । हमारा संविधान स्वतंत्रता, भाईचारा, समानता तथा न्याय के सिद्धांतों पर सुदृढ़ रूप से आधारित है । समानता तथा भेदभाव से मुक्त होने के महिलाओं के अधिकार को 'न्यायसंगत मौलिक अधिकारों' के रूप में परिभाषित किया गया है ।

**48.** बालिका की वृद्धि और विकास ________ से विपरीत रूप से प्रभावित नहीं होते हैं ।

(A) कुपोषण
(B) छोटी उम्र में माँ बनना
(C) जाति
(D) स्वास्थ्य सम्बन्धी देखभाल

**49.** भारत में लिंग परक असमानता के कारकों का सही संयोजन बताइये ।

(a) सामाजिक
(b) आर्थिक
(c) कुपोषण
(d) संविधान

(A) (a) और (b) सही हैं ।
(B) (a), (b) और (d) सही हैं ।
(C) (c) और (d) सही हैं ।
(D) उपर्युक्त सभी सही हैं ।

**50.** **कथन (A) :** भारत में लिंगभेद हैं ।
**कारण (R) :** गरीबी लिंगभेद का एक कारण है ।

(A) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(B) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।
(C) (A) सही है और (R) अंशात्मक सही है ।
(D) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।